आरोप — किसानों ने लोन लिया नहीं फिर भी बनाया कर्जदार, जमीन बंधक, बेगुनाह किसान डिफाल्टर

# कवच योजना से किसानों को नहीं मिली सुरक्षा



**कटंगी नवभारत 21 सितंबर।** किसानों को सहकारी समितियों में ऋण संबंधी कथित अनियमितताओं से राहत देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 'कवच योजना' शुरू की गई, लेकिन जमीनी स्तर पर इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

यह मामला कटंगी की वृहताकार सोसाइटी का है जिसमें किसानों का आरोप है कि उनके नाम पर ऐसे ऋण खाते दर्ज किए गए हैं, जिनका उन्होंने कभी लाभ ही नहीं लिया। इसके चलते कई किसान कागजों में ऋणी और डिफाल्टर बन गए हैं।

### योजना अब तक कागजों तक सीमित

सरकार ने ऐसे मामलों में किसानों को राहत देने के उद्देश्य से योजना बनाई, लेकिन पीड़ित किसानों का कहना है कि यदि योजना बनी है तो उसका लाभ वास्तविक पीड़ित तक पहुंचना भी चाहिए। किसानों का आरोप है कि जिला सहकारी समिति से जुड़े रिकॉर्ड में कथित रूप से उनके नाम पर ऋण दर्ज है और जमीन पर कर्ज अथवा बंधक संबंधी स्थिति दिखाई जा रही है।

### कर्ज लिया नहीं तो चुकाएंगे क्यों

पीड़ित किसानों की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि जिनके अनुसार उन्होंने ऋण लिया ही नहीं, उन्हें रिकॉर्ड में कर्जदार बताया जा रहा है। किसान पूछ रहे हैं कि यदि ऋण की राशि उन्होंने ली ही नहीं, तो उसकी वसूली उनके नाम से क्यों की जा रही है।

### सैंकड़ों उलझनों में घिरे किसान

किसानों का कहना है कि कागजों में दर्ज कथित कर्ज के कारण वे डिफाल्टर की श्रेणी में पहुंच रहे हैं। इसका असर भविष्य में मिलने वाली ऋण सुविधाओं और खेती से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ सकता है।किसके हस्ताक्षर से स्वीकृत हुआ ऋण,यदि किसी किसान के नाम पर ऋण दर्ज है, तो जांच में यह सामने आना चाहिए कि ऋण आवेदन किसने प्रस्तुत किया,आवेदन पर किसान के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान किसका है, ऋण की राशि कब और किस खाते में जमा हुई, ऋण की स्वीकृति किस अधिकारी ने दी राशि निकालने की प्रक्रिया में कौन-कौन शामिल था, संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किसने किया,जमीन पर बंधक की प्रविष्टि किस आधार पर की गई, किसान को ऋण की जानकारी कब दी गई,यदि ऋण में अनियमितता हुई तो जिम्मेदार कौन है,अब तक किसानों को राहत क्यों नहीं मिली।

### कवच के बावजूद किसान असुरक्षित

सरकार द्वारा योजना घोषित किए जाने के बाद किसानों को उम्मीद जगी थी कि वर्षों से चले आ रहे विवादों का समाधान होगा। लेकिन यदि योजना के बावजूद किसान अपने ही खाते में दर्ज कथित ऋण को लेकर कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। किसानों की मांग है कि सहकारिता विभाग और जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक विवादित खाते का रिकॉर्ड ऑडिट कराया जाए, ऋण स्वीकृति से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया की जांच हो और जिन किसानों के नाम पर गलत तरीके से ऋण दर्ज पाया जाए, उनके रिकॉर्ड तत्काल सुधारे जाएं।

### जांच सिर्फ कागजों की नहीं, जिम्मेदारी की भी हो

किसानों का कहना है कि केवल रिकॉर्ड में सुधार कर देने से मामला खत्म नहीं होना चाहिए। यदि जांच में वास्तव में किसी किसान के नाम पर बिना उसकी जानकारी के ऋण दर्ज किए जाने की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका भी तय होनी चाहिए। किसानों का सवाल साफ है- सरकार राहत देना चाहती है तो फिर राहत की फाइलें जमीन पर क्यों नहीं उतर रहीं?

### अब प्रशासन से जवाब का इंतजार

किसानों को उम्मीद थी कि सरकार की 'कवच' योजना उन्हें कर्ज के इस कथित जाल से बाहर निकालेगी। मगर यदि योजना के बावजूद किसान अपने नाम पर दर्ज कर्ज को लेकर परेशान हैं, तो शासन और प्रशासन के बीच क्रियान्वयन की स्थिति पर सवाल उठना स्वाभाविक है। किसानों की आवाज में एक ही सवाल गूंज रहा ह' जब कर्ज लिया ही नहीं, तो चुकाएंगे क्यों? ' और यही वह सवाल है जिसका जवाब अब संबंधित सहकारी समिति, सहकारिता विभाग और जिला प्रशासन को देना होगा।' वाह! क्या बात है—मजा किसी को, सजा किसी को!' इसका जवाब मांग रहा किसान ।




# मेधावी छात्र-छात्राओं और सेवानिवृत्त शिक्षक का सम्मान

**कुर्मी क्षत्रिय समाज का सम्मान समारोह**

**सिहोरा नवभारत 21 सितंबर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा जिला इकाई जबलपुर के तत्वावधान में रविवार को ध्वनि पैलेस मैरिज गार्डन, सिहोरा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके माता-पिता तथा शासकीय सेवाओं में चयनित छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार पटेल, निवासी ग्राम भीखाखेड़ा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री कमलेश्वर पटेल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रश्मि सिंह एवं डॉ. लोकेश पटेल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधारी कुमांयु ने की। कार्यक्रम के संयोजक जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समारोह में वक्ताओं ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। शिक्षा और मेहनत के माध्यम से युवा समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में कथावाचक सुश्री देविका किशोरी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, छात्र-छात्राएं एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार समारोह में हजारों की संख्या में लोगों की सहभागिता रही।

# नशे से समाज को बचाने 5 गांवों में मंथन



**बच्चों की चिंता में ग्रामीण नशामुक्ति के लिए तैयार**

**कटंगी नवभारत 21 सितंबर।** ग्राम ककरहटा में मां नाहनदेवी जनजागरण समिति द्वारा जीवन जागरण दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत ककरहटा, जटासी, मिडकी, मुरगवां और कांटी गांवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांवों में बढ़ते नशे के चलन और उसके दुष्परिणामों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए नशे की रोकथाम के लिए जनजागरण अभियान चलाने तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि नशे का बढ़ता चलन युवाओं और बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। सभी ने गांवों की बेहतरी और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए इस पहल को क्षेत्र के अन्य गांवों तक विस्तार देने में सहभागी बनने का संकल्प लिया। बैठक में वेद प्रकाश गर्ग, देवेंद्र सिंह, राहुल सिंह, सनत सिंह, मदन सिंह,जीतू सिंह,रमेश तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अपने विचार रखे। वहीं कटंगी थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह ने नशे के दुष्परिणामों पर जानकारी देते हुए ग्रामीणों से जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## सर्वोदय ब्राह्मण समाज में शीतल दुबे कोषाध्यक्ष नियुक्त

**सिहोरा नवभारत 21 सितंबर।**



सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा के अध्यक्ष जयप्रकाश तिवारी ने समाज के वरिष्ठ व सक्रिय सदस्य शीतल प्रसाद दुबे को संगठन का नया कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह मनोनयन विष्णु दत्त गौतम, राजेश कुररिया और सुरेंद्र गौतम की अनुशंसा पर किया गया है। शीतल प्रसाद दुबे की इस नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में अर्जुन गर्ग, योगेंद्र मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, सतीश तिवारी और अमित कुररिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# सिद्धि विनायक समिति ने मनाया 18वां स्थापना दिवस

**भक्तिभाव से सराबोर माहौल में हुआ आयोजन**

**सिहोरा नवभारत 21 सितंबर।** विनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष अपना 18वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। वर्ष 2009 में स्थापित हुई यह समिति हर साल गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भव्य आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी उत्सव स्थल पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर समिति द्वारा गणेश की एक अत्यंत मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई थी। प्रतिमा के पीछे सिंह की आकृति और बैकग्राउंड में सफेद और लाल रंग की आकर्षक फूलों की सजावट भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। पंडाल को पीले कपड़ों और रंग-बिरंगे गुब्बारों से बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया था।

### सदस्यों का विशेष योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षकों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी, संजय पटेल, दिलीप ठाकुर, सौरभ कुररिया, विकास चौरसिया, शैंकी विश्वकर्मा, सौरभ चौरसिया, निलेश सोनी, नारायण यादव, राहुल यादव, आकर्षक त्रिपाठी, शरद मिश्रा, आशीष बर्मन, मुकेश प्रजापति, सतीश पटेल, इंद्र कुमार साहू और सुमित तिवारी जैसे सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके अथक प्रयासों और सेवाभाव के कारण ही यह आयोजन इतनी भव्यता और सुचारू रूप से संपन्न हो सका।

### समिति की बढ़ रही लोकप्रियता

18 वर्षों से लगातार सक्रिय रहते हुए, सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति गांधीग्राम में एक महत्वपूर्ण पहचान बना चुकी है। समिति द्वारा आयोजित गणेश उत्सव न केवल धार्मिक आयोजन होता है, बल्कि यह स्थानीय लोगों को एक साथ आने और अपनी संस्कृति को साझा करने का अवसर भी प्रदान करता है। स्थापना दिवस के इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इसी तरह पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ इस परंपरा को आगे बढ़ाते रहेंगे।

# कमलेश्वर पटेल के स्वागत में कांग्रेस की संगोष्ठी



**सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल**

**सिहोरा नवभारत 21 सितंबर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल के संयोजन में रविवार 20 सितंबर को परिणीता श्री पैलेस, मझौली बाईपास सिहोरा में कांग्रेस की संगोष्ठी एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जबलपुर के अध्यक्ष संजय यादव ने की।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कमलेश्वर पटेल का स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष रूपेंद्र पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल, जिला पंचायत जबलपुर उपाध्यक्ष विवेक पटेल, पूर्व जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष विक्रम सिंह लोधी, पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश तिवारी, नगर पालिका परिषद पनागर अध्यक्ष प्रदीप पटेल, संगठन सृजन अभियान सिहोरा प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला बबुआ , रुक्मणी गोटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, पार्षद राजेश चौबे, सुरेंद्र मिश्रा, प्रकाश कुररिया, ब्लॉक अध्यक्ष पोड़ा प्रदीप पटेल, राहुल श्रीवास्तव, पोड़ा प्रभारी संदीप व्यवहार, पनागर पार्षद प्रमोद पटेल, संतोष पांडे, केके कुररिया, ब्लॉक अध्यक्ष बरेला मुकेश पटेल सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अर्जुन वाजपेई को सौंपा नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम के दौरान अर्जुन वाजपेई को नगर अध्यक्ष मझगवां के पद पर नियुक्ति का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह बैश, एडवोकेट रामगोपाल पटेल, पूर्व पार्षद राजेश पटेल, घनश्याम बड़गैयां, मंडलम अध्यक्ष आलोक पांडे, मंडल अध्यक्ष राजा पटेल, मंडलम अध्यक्ष नवनीत शुक्ला, राजकुमार पटेल पड़रिया, डब्बू पाठक, मनीष खंपरिया, संतोष पटेल, अनिल पटेल नहर अध्यक्ष, पूर्व पार्षद शंकर वंशकार, प्रांजल शराफ, दीपक पटेल, गिरधर सरावगी, लालजी पटेल, संजय गुप्ता, केके शुक्ला, सुरेंद्र पटेल, हीरा पटेल, अंजनी पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद मंसूर मंसूरी ने किया। अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।




# महिलाओं और किशोरियों को बांटी पोषण सामग्री

**बालाजी गिरजा सामाजिक कल्याण संस्थान ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम**

**सिहोरा नवभारत 21 सितंबर।** पोषण माह 2026 के अंतर्गत बाला जी गिरजा सामाजिक कल्याण संस्थान, सतना द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं किशोरियों को उपयोगी सामग्री के पैकेट वितरित किए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने सामग्री प्राप्त की और संस्था के इस प्रयास की सराहना की।

आयोजकों ने कहा कि पोषण केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण एवं जरूरतमंद परिवारों तक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में संस्था के आलोक त्रिपाठी गुड्डू उपध्याय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मैदान में पार्क बनाने की खबर से कटंगी में बढ़ी हलचल

**अफवाह उड़ते ही नगर परिषद के सामने सैंकड़ों लोग जमा**

**कटंगी नवभारत 21 सितंबर।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 में उस समय हलचल मच गई, जब यह बात फैल गई कि दुर्गोत्सव समिति एवं गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिमा स्थापना के लिए उपयोग किए जाने वाले मैदान में नगर परिषद द्वारा पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। खबर वार्डवासियों तक पहुंचते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर नगर परिषद कार्यालय पहुंच गए।

वार्डवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष अमिताप साहू एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी स्नेहा मिश्रा से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की। इस दौरान वार्डवासियों ने ज्ञापन सौंपते हुए मैदान को लेकर अपनी चिंताएं एवं मांगें सामने रखीं। चर्चा के दौरान अध्यक्षएवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उक्त मैदान में किसी भी प्रकार के पार्क निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने इसे भ्रामक जानकारी बताते हुए कहा कि वार्डवासियों की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वहां विकास कार्य कराए जाएंगे।

### ग्राउंड के सीमेंटीकरण की मांग रखी

इस दौरान वार्डवासियों ने मैदान में सीमेंटेड ग्राउंड एवं फर्शीकरण कराने की मांग रखी। नगर परिषद अध्यक्ष ने मांग पर सहमति जताते हुए मैदान में फर्शीकरण कराने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष की सहमति के बाद वार्डवासियों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

वार्डवासियों का कहना था कि मैदान का उपयोग लंबे समय से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए किया जाता है, इसलिए वहां होने वाले विकास कार्य स्थानीय लोगों की आवश्यकता और सहमति के अनुरूप होना चाहिए।




# पीएमश्री विद्यालय बेलखाड़ू में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**संकुल स्तरीय सेवा संकल्प प्रतियोगिताएं आयोजित**

**नवभारत, बेलखाड़ू।** सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत संकुल स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलखाड़ू में किया गया। शासन के निर्देश पर विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के विषयों पर चित्रांकन करते हुए अपनी कला को कागजों पर उकेर कर दिखाया साथ ही शाला द्वारा प्रदत्त विषय पर बच्चों ने भाषण प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय प्राचार्य बी आर परस्ते, धर्मेंद्र अवस्थी, जुगल किशोर नामदेव, घनश्याम छिपिये, मनोज शुक्ला, पुष्प लता त्रिपाठी, पूजा भाटिया सहित शाला स्टाफ और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## रामकली बाई नामदेव का निधन

**पनागर 21 सितंबर।**



जयप्रकाश वार्ड निवासी रामकली नामदेव का 109 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे राजाराम, अच्छेलाल, सरजू, सुरेश, चोखेलाल की माँ थी अंतिम संस्कार दिनांक 22 सितंबर मंगलवार को प्रात: 10 बजे बम्हनौदा रोड स्थित शमशान घाट में किया जायेगा।

## कौशल्या यादव का निधन


**पनागर 21 सितंबर।**



जगमोहन वार्ड निवासी श्रीमती कौशल्या यादव का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप स्वर्गीय गया प्रसाद यादव की पत्नी,बल्लू यादव,संजू यादव की मां रहीं। अंतिम संस्कार 22 सितंबर मंगलवार को जगमोहन वार्ड स्थित शमशान घाट में सुबह 11 बजे किया जायेगा।

मांग — त्यौहारों के बीच बढ़ा हादसे का खतरा, क्षेत्रवासियों ने की शीघ्र सुधार की मांग

# गड्ढों में तब्दील दमोह-जबलपुर मार्ग, विकास के दावे की खुली पोल



**कटंगी, नवभारत।** त्योहारों के बीच दमोह-जबलपुर मार्ग पर बढ़ते यातायात ने सड़क की बदहाली को और उजागर कर दिया है। कटंगी नगर के भीतर मुख्य सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। वाहन चालकों को हर कदम पर गड्ढों से बचकर निकलना पड़ रहा है, जिससे दोपहिया वाहन चालक खास तौर पर परेशान हैं।

सड़क की खराब हालत के कारण वाहन क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्घटनाओं में लोग घायल भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से स्थायी मरम्मत नहीं कराई जा रही है।नगरवासियों का कहना है कि सड़क की हालत को लेकर कई बार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है। हर बड़े त्योहार से पहले होने वाली शांति समिति की बैठकों में भी गड्ढों का मुद्दा उठता है, लेकिन समाधान के नाम पर कभी-कभार गड्ढों में सामग्री डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है। बारिश के बाद कुछ ही समय में सड़क फिर उखड़ जाती है। गणेशोत्सव और जैन समाज के पर्युषण पर्व के चलते मुख्य मार्ग पर आवाजाही बढ़ी है और आगामी त्योहारों में भी यातायात का दबाव बढ़ने वाला है। ऐसे में सड़क के गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

### निर्माण कार्यों की हो निगरानी

नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से दो टूक कहा है कि अब आश्वासन नहीं, सड़क की स्थायी मरम्मत चाहिए। लोगों ने पूरी सड़क की तकनीकी जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण सुधार कार्य कराने, मौके का निरीक्षण कर समय-सीमा तय करने और निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी की मांग की है। उनका कहना है कि हर शांति समिति की बैठक में गड्ढे भरने का भरोसा देने के बजाय अब सड़क पर काम दिखाई देना चाहिए। प्रशासन हादसे का इंतजार किए बिना तत्काल कार्रवाई करे।